## Re. WOMEN'S RESERVATION BILL

**श्रीमती वृंदा कारत** (पश्चिमी बंगाल) : सर, मेरा एक सवाल Women Reservation Bill के बारे में है। सर, एजेंडा के अंदर Women Reservation Bill कब आएगा, यह सरकार थोड़ा बता दे क्योंकि अब एक ही हफ्ता बाकी है। सर, पिछले सेशन में भी आश्वासन दिया गया था कि Women Reservation Bill पर बहस होगी। आदरणीय प्रधान मंत्री जी भी हाउस में अभी मौजूद हैं तो अगर वह इस बारे में कुछ इशारा कर दें कि क्या अगले हफ्ते Women Reservation Bill के बारे में सरकार कोई पहल करेगी?

**श्री सभापति** : सरकार से बात करेंगे।

**श्रीमती सुषमा स्वराज** (उत्तरांचल) : सभापति जी, वृंदा कारत जी ने जो बात कही है, उस में मैं भी एक बात जोड़ते हुए कहना चाहती हूं कि कम-से-कम आप इस बिल को इंट्रोड्यूस कर दें। उस पर consideration and discussion अगले सत्र में हो जाए, लेकिन कम-से-कम एक draft ...**(व्यवधान)**... हम लोगों को दिक्कत यह है कि इस सरकार को आए डेढ़ साल हो गया है, लेकिन अभी तक एक ड्राफ्ट तक हमारे सामने नहीं है जिस पर हम चर्चा करें। तो कम-से-कम कैबिनेट से क्लिअर करा के इस का इंट्रोडक्शन करवा दें, चर्चा हम अगले सत्र में कर लें।

**श्री सभापति** : बातचीत करेंगे, मैं बात कर लूंगा। ...**(व्यवधान)**...

**श्री शरद यादव** (बिहार) : सर, इस तरह अचानक कोई विषय उठाने की इजाजत है तो हम भी बहुत विषय उठा सकते हैं। ...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति** : नहीं, आप बैठिए। आप बहुत समझदार हैं। ...**(व्यवधान)**...

**श्री शरद यादव** : यह ठीक नहीं है।

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : हम यह अचानक नहीं उठा रहे हैं। डेढ़ साल से यह लंबित है ...**(व्यवधान)**...

SHRI VAYALAR RAVI (Kerala) : We all support it.

**श्रीमती वंगा गीता** (आन्ध्र प्रदेश) : सर, हम भी associate करते हैं।

**प्रो. अलका क्षत्रिय** (गुजरात) : सर हम भी समर्थन करते हैं।

**श्रीमती प्रेमा करियप्पा** (कर्णाटक) : सर, हम भी associate करते हैं।

**श्रीमती एन. पी. दुर्गा** (आन्ध्र प्रदेश) : सर, हम भी associate करते हैं।

**श्री सभापति** : आप सभी एसोसिएट कर दीजिए। मैं बातचीत कर लूंगा। आप सभी का नाम रिकॉर्ड कर लिया है। ...**(व्यवधान)**... सारा रिकॉर्ड कर लिया है, और कोई महिला न बोली हो तो अपना नाम लिखा दे।

प्राइवेट मेबर्स रिजोल्यूशन - श्री .एस. एस. अहलुवालिया - अनुपस्थित। श्री वी. नारायणसामी।

---

## STATEMENT BY MINISTER

### Threat of bomb explosion in Parliament House and security precaution taken thereafter

**गृह मंत्री (श्री शिवराज वी. पाटिल)** : श्रीमन्, मैं दूसरे हाऊस में था और अब वहाँ से यहाँ पर आ रहा हूँ।

**श्री सभापति** : कोई बात नहीं।

**श्री शिवराज वी. पाटिल** : आज चेन्नई से यहाँ पर मालूमात आई कि वहाँ का जो अमेरिकन कोन्सुलेट है, उनके पास किसी ने दो ई-मेल करके बताया था कि उनके कोन्सुलेट को और पार्लियामेंट को बम के द्वारा 11 बजकर 45 मिनट पर उड़ाया जाएगा। कोन्सुलेट ने वह इन्फॉर्मेशन तमिलनाडु पुलिस को दी और तमिलनाडु की पुलिस ने हमारे लोगों को दी। उनको इन्फॉर्मेशन मिलने के बाद यह यहाँ पर पहुँची। हमने यहाँ पर अमेरिकन कोन्सुलेट से भी, एम्बैसी से भी मालूमात करने के बाद कि यह हुआ है, इसका पता किया। उसके बाद दिल्ली पुलिस को वह इन्फॉर्मेशन दी गई और यहाँ भी पार्लियामेंट के अधिकारियो को वह इन्फॉर्मेशन दी गई। उसके बाद यहाँ पर कार्रवाई हुई।

इस प्रकार के hoax calls पहले भी आते रहे हैं, मगर इस बदले हुए माहौल मे किसी भी कॉल को आसानी से लेना ठीक नही है। वह सही तरीके से दोनो ही सदनो ने यह तय किया कि सब सदस्य बाहर चले जाएँ और पूरी तरह से जाँच-पड़ताल हो। उसके पश्चात् दिल्ली पुलिस के लोगों और बम्ब स्क्वाड के लोगो द्वारा आकर पूरी तरह से जाँच-पड़ताल करने के बाद और इसको "क्लीन है", यह बताने के बाद यह सदन आज चल रहा है। मैं समझता हूँ कि यह जो ई-मेल वहां से भेजा गया है, वह होम मिनिस्टर के नाम पर, स्पीकर साहब के नाम पर और चेयरमैन साहब के नाम पर और दूसरों के नाम पर भी भेजा गया है। मगर ई-मेल मे थोड़ी-सी गलती होने की वजह से यहाँ पर नही पहुँचा है। उसकी पूरी तरह से जाँच-पड़ताल हो रही है और हमें उम्मीद है कि वह पता चल जाएगा।

यदि इस प्रकार का कोई प्रसंग आगे आए, तो हमे क्या करना है, उसके लिए हमने अपने लोगो को भी कहा है कि यहाँ के सेक्रेटरी जनरल, लोक सभा के सेक्रेटरी जनरल, सेक्योरिटी ऑफिसर्स, इनसे मिल कर बातचीत करें और इससे भी ज्यादा कुछ करना है, तो हम कर सकते हैं। प्रेमिसेज़ की पूरी सेक्योरिटी पार्लियामेंट के हाथ मे है और बाहर की पूरी सेक्योरिटी दिल्ली पुलिस देखती है। मगर दिल्ली पुलिस हो या अन्दर की सेक्योरिटी हो, वह हमारी ही सेक्योरिटी है, जिसे हमे देखना जरूरी है। उसमें जो भी करना जरूरी है, हम करेगे। ऐसे हालात में हम सब लोग मिलकर किस प्रकार से उसका सामना करे, इसके बारे मे भी कुछ विचार करके, सम्पूर्ण विचार करके सभी सदस्यो को साथ लेकर चलेगे। मैं समझता हूँ कि हम